## कार्यालय श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड श्रम भवन, नैनीताल रोड, हल्द्वानी

कार्यालय श्रम आयुक्त उत्तराखण्ड, हल्द्वानी के अनतर्गत शासकीय कार्यों के प्रयोगार्थ मासिक किराए पर डीजल चालित 01 वाहन (बोलेरो नियो, BS 6 माडल) लिए जाने हेतु सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण, निविदा प्रपत्र, शर्तें श्रम विभाग की अधिकारिक वेबसाइट www.labour.uk.gov.in में दिनांक 13-05-2022 को 1.00 बजे के पश्चात देखी जा सकती है।

**श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी**



## मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर इ. का., नैनीताल

### सूचना

प्रबन्ध समिति मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर इ. का. नैनीताल की साधारण सभा जो उत्तराखण्ड शिक्षा भारती सोसायटी नैनीताल के नाम से सोसाइटी एक्ट में पंजीकृत है, नियमावली के अधीन, साधारण सभा की सदस्यता हेतु इच्छुक व्यक्ति सदस्यता शुल्क- साधारण सदस्य हेतु रु. 501/- आजीवन सदस्य हेतु रु. 5100/-, संरक्षक / संस्थापक / आजीवन सदस्य रु. 11,000/- का बैक ड्राफ्ट जो विद्यालय प्रबन्धक के पदनाम देय होगा दि. 30-5-2022 तक मय आवेदन पत्र पूर्ण विवरण संहित विद्यायल कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

**प्रबन्धक**
**मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर इ. का., नैनीताल**


# क्वाड को नेतृत्व के स्तर तक ले गया बाइडेन प्रशासन

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के अनौपचारिक समूह क्वाड को नेतृत्व के स्तर पर लेकर गया है।

अमेरिका-आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर बाइडेन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, हमारा पहला ऐसा प्रशासन है, जो क्वाड- यानी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान को नेतृत्व के स्तर तक ले गया है। अधिकारी ने कहा, हमने सात दशकों में पहली बार संवेदनशील परमाणु पनडुब्बी प्रौद्योगिकी को किसी अन्य देश के साथ साझा करने का निर्णय लिया है। हमने एयूकेयूएस (ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, अमेरिका) का गठन किया, जो परमाणु-संचालित पनडुब्बियों के वादे को पूरा करने के लिए एक मौलिक प्रयास के तौर पर ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका को एक साथ जोड़ता है। अधिकारी ने कहा, लेकिन इस साझेदारी में अन्य देशों के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग के और क्षेत्र भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा, स्पष्ट रूप से, हिंद-प्रशांत एक व्यापक क्षेत्र है और हम अक्सर दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्वोत्तर एशिया, भारत के बारे में बहुत कुछ सोचते हैं, लेकिन प्रशांत पर ध्यान देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है और आप इसके आगे बढ़ने के संकेत देखेंगे।

बाइडेन प्रशासन ने यूरोप और एशिया के साथ अपनी वार्ता को भी व्यापक किया है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से यूरोप ने जिन चुनौतियों का सामना किया है, उनमें हमने अभूतपूर्व हिंद-प्रशांत सहयोग देखा है। अपने 45 साल के इतिहास में यह पहली बार है कि आसियान नेताओं का वाशिंगटन, डीसी में एक साथ स्वागत किया जाएगा। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, ऐसा व्यापक स्तर पर माना जा रहा है कि हिंद-प्रशांत में मौलिक दीर्घकालिक चुनौतियां उभर रही हैं। अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध और दृढ़ है कि इस क्षेत्र में हमारी भागीदारी व्यापक और निरंतर हो। अधिकारी ने कहा, इसी के तहत शिखर सम्मेलन की मेज़बानी होगी। इसी के तहत दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा होगी। एक साल में नेतृत्व के स्तर पर चौथी क्वाड बैठक सहित कई तरह के जुड़ाव होंगे। इसकी मेज़बानी (जापान के) प्रधानमंत्री (फुमियो) किशिदा तोक्यो में 24 मई को, अगले सप्ताह या उससे अगले सप्ताह करेंगे।


## कार्यालय- अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (नगर),हल्द्वानी (नैनीताल)

### ''अभिव्यक्ति की अभिरूचि''
### (ई-निविदा)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी ख्यातिलब्ध उपनिबन्धक सोसायटीज उत्तराखण्ड द्वारा पंजीकृत तथा कर्मचारी भविष्य निधि/जी. एस.टी. एवं आयकर में पंजीकृत स्वयं सहायता समूहों (बाह्य एजेन्सियों) से विद्युत वितरण खण्ड (नगर), हल्द्वानी के अन्तर्गत लाईनों व वितरण परिवर्तकों के अनुरक्षण कार्य/रख-रखाव एवं विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण सम्बन्धी कार्यों तथा कार्यालय कार्यों के लिए 06 माह दिनांक 01.07.2022 से 31.12. 2022 के सम्पादन हेतु निम्नानुसार अंकित मात्रा में कार्मिकों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कार्योजित करने हेतु अभिव्यक्ति की अभिरूचियां दिनांक 27/05/2022 की अपरान्ह 3.00 तक दो भागों में आमंत्रित की जाती है। प्रथम भाग में धरोहर राशि से सम्बन्धित एफ.डी.आर./सी.डी.आर./टी.डी./एन.एस.सी. जो अधोहस्ताक्षरी के नाम से बन्धित हो जमा की जायेगी के साथ कर्मचारी भविष्य निधि/जी.एस.टी. एवं आयकर पंजीकरण से संबंधित प्रमाण एवं द्वितीय भाग में विभाग में कार्य करने का कम से कम एक वर्ष का अनुभव, वित्तीय क्षमता का विवरण (बैंक स्टेटमेंन्ट की प्रति के रूप में) तथा कार्मिकों की कुशलता का प्रमाण पत्र देना आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूह के अन्तर्गत कार्योजित होने वाले कर्मचारी का नाम/पिता का नाम/जन्मतिथि प्रमाण पत्र/ पता/ दूरभाष नम्बर, पासपोर्ट साईज के दो फोटो, चरित्र प्रमाण पत्र तथा स्वस्थता प्रमाण पत्र संलग्न करते हुए प्रस्तुत करने होंगे।

| क्रमांक | खण्ड का नाम | प्रस्तावित कार्मिक | | वांछित धरोहर राशि (रु. में) | प्रस्ताव खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्युत वितरण खण्ड (नगर), हल्द्वानी | श्रमिक | 09 | 44700.00 | 28-05-2022 अपरान्ह 3.30 बजे |
| | | मीटर रीडर | 01 | | |
| | | सुरक्षा गार्ड | 01 | | |
| | | टी.जी.-02 (विद्युत) | 04 | | |
| | | **कुल योग** | **15** | | |

निविदा भाग-1 में पी.क्यू.आर. की शर्तें पूर्ण करने वाले निविदाकार/ आपूर्तिकर्ता का ही भाग-2 अलग से तिथि निर्धारित करते हुए खोला जायेगा कार्य की दशा एवं शर्तें विभागीय वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है। प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले स्वयं सहायता समूहों को प्रस्ताव के साथ निम्न अर्हताओं को पूर्ण करने की लिखित सहमति भी प्रस्तुत करनी होगी।

1. समूह के सदस्यों का एल.टी. से 33 के.वी. लाईनों में कार्य करने का अनुभव।
2 समूह के प्रत्येक सदस्य का बीमा तथा किसी भी विद्युत दुर्घटना की जिम्मेदारी समूह की होगी।
3. समूह उपाकालि के द्वारा निर्धारित दरों में कार्य करेगा।

उक्त समस्त अर्हताओं के साथ एक से अधिक स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने की स्थिति में विभाग को किसी भी समूह का चयन करने का अधिकार सुरक्षित है। स्वयं सहायता समूह के कार्मिकों को कारपोरेशन द्वारा समय-समय पर निर्धारित दरों पर (सर्विस चार्जेज, जी.एस.टी., इश्योरेंस तथा ई.पी.एफ. इत्यादि को सम्मिलित करते हुये) देय मानदेय पर 06 माह हेतु कार्योजित किया जायेगा।

**राष्ट्रहित में विद्युत बचायें Customer Care Toll Free No. 18004190405**

**अधिशासी अभियन्ता**
संख्या: 1837 दिनांक: 12.05.2022
**विद्युत वितरण खण्ड (नगर),हल्द्वानी**



### सूचना

मेरी उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2021 की अंकतालिका अनुक्रमांक 21117524-प्रमाण पत्र क्रमांक 11209219 वास्तव में कहीं खो गयी है। **सिमरन पुत्री श्री शमशीर निवासी वार्ड नम्बर 04 पो, कालाढूंगी (नैनीताल) उत्तराखंड।**



### सूचना


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम तरुण कुमार से बदलकर तरुण कुमार गर्ग कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे तरुण कुमार गर्ग पुत्र श्री हरीश चन्द्र गर्ग के नाम से जाना- पहचाना जाए। **वर्तमान पता- अम्बे एन्क्लेव, आर.के. टेन्ट रोड, देवी मंदिर के पास, कुसुमखेड़ा हल्द्वानी, नैनीताल, उत्तराखण्ड 263139**



### सूचना

मेरे पिता नंबर G/184014x हवलदार/जीडी स्वर्गीय गंगा सिंह सौन के सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम भूलवश पंकज सिंह गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम पंकज सिंह सौन है। पंकज सिंह व पंकज सिंह सौन एक ही लड़के के नाम हैं। **पंकज सिंह सौन पुत्र स्वर्गीय गंगा सिंह सौन, ग्राम-महतगांव बिल्हैरी (चकरपुर), तहसील- खटीमा (ऊधम सिंह नगर)**


# कांग्रेस अपने भीतर से ही सुधार करने में सक्षम



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर द्वारा पार्टी में शामिल होने की पेशकश ठुकराए जाने के कुछ दिनों बाद बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस के पास अपने भीतर से जरूरी सुधार करने की क्षमता और नेतृत्व है।

उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि 13-15 मई को उदयपुर में होने वाले चिंतन शिविर में पार्टी के समक्ष खड़े सभी मुद्दों का समाधान होगा। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में संसदीय बोर्ड पहले रहा है और होना चाहिए, लेकिन चिंतन शिविर में इस पर चर्चा नहीं होगी, क्योंकि संगठन के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है और ऐसे विषय पर चुनाव के बाद विचार होगा। हुड्डा उन 23 नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने कांग्रेस में आमूल-चूल बदलाव की मांग को लेकर पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी को पत्र लिखा था।

यह पूछे जाने पर कि क्या 'जी23' की ओर से उठाये गए मुद्दों का समाधान निकलेगा, हुड्डा ने कहा, यह 'जी 23' की परिभाषा आप लोगों (मीडिया) की दी हुई है। हमारे कुछ वरिष्ठ कांग्रेसजन का विचार था कि कुछ कदमों से पार्टी मजबूत हो सकती है, आपको यह-यह कदम उठाने चाहिए। इसे लेकर हमने लिखा था। कुछ कदम उठाए भी गए हैं। यह किसी का विरोध नहीं है, हम पार्टी के हितकारी हैं। उन्होंने कहा, हमने नेतृत्व के बारे में बात नहीं की है। हमने सिर्फ यह कहा कि पार्टी को कैसे मजबूत किया जाएगा। अब तो अध्यक्ष का चुनाव हो रहा है।

इस सवाल पर कि क्या पार्टी संसदीय बोर्ड बनाने जैसी मांगों पर चर्चा होगी, उन्होंने कहा, चुनाव हो रहे हैं। इसकी प्रक्रिया चल रही है। दूसरी चीजों को चुनाव होने के बाद देखा जाएगा। संसदीय बोर्ड पहले भी था, (पूर्व प्रधानमंत्री) इंदिरा गांधी जी के समय भी था और होना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए मजबूत ब्लॉक कमेटी और मजबूत जिला कमेटी होना जरूरी है। यह पूछे जाने पर कि प्रशांत किशोर के पार्टी में शामिल नहीं होने से जुड़े पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में कांग्रेस क्या अपने भीतर से जरूरी सुधार करने में सक्षम है, हुड्डा ने कहा, क्यों नहीं? कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। कांग्रेस में क्षमता है, कांग्रेस में नेतृत्व है, कांग्रेस में नेता हैं। कांग्रेस के पास थिंक टैंक है।

हाल में लंबी मंत्रणा के बाद कांग्रेस ने किशोर को पार्टी में शामिल होने का न्योता दिया था, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था। यह पूछे जाने पर ध्रुवीकरण की राजनीति से निपटने के लिए कांग्रेस को क्या करना चाहिए, हुड्डा ने कहा, इसका एक समाधान है- महात्मा गांधी। उनका अनुसरण करिये। महात्मा गांधी हिंदू थे, वह धार्मिक व्यक्ति थे और सभी धर्मों का सम्मान करते थे। उनके रास्ते पर चलकर ही देश एक रह सकता है और आगे बढ़ सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस को बापू के रास्ते पर चलना चाहिए। चिंतन शिविर के लिए गठित कृषि संबंधी समन्वय समिति के संयोजक हुड्डा ने कहा, चिंतिन शिवर के लिए छह अलग-अलग समूह बनाए गए हैं। सब अपने-अपने विषयों पर चर्चा करेंगे और एक निष्कर्ष निकालेंगे कि आगे क्या नीति बनाई जाए, ताकि 2024 तक लोगों की आवाज उठाई जा सके। उन्होंने कहा, कृषि के विषय पर सबके साथ चर्चा की गई है। किसान नेताओं से बात की गई। बहुत सारे कृषि वैज्ञानिक से बात की गई। उनकी राय ली गई है। उनसे बातचीत करके एक मसौदा तैयार किया गया है।

इस पर चिंतन शिविर में चर्चा होगी। उन्होंने बताया, एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) का मुद्दा है, बीमा का मामला है, किसानों पर कर्ज बढ़ रहा है, बेमौसम बारिश से होने से फसल को नुकसान हुआ है, इन सब पर चर्चा होगी। विपक्षी गठबंधन की संभावना पर उन्होंने कहा कि यह आगे के हालात पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा, कई बार ऐसा होता है कि वक्त हालात गठबंधन बना देता है। इस पर पार्टी बाद में फैसला करेगी।


### सम्मन

**न्यायालय श्रीमान सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी भावर/ परगनाधिकारी महोदय हल्द्वानी, जिला-नैनीताल।**

रा. वा. सं.27/978 सन्-2021-22

**प्रार्थी/वादी**- पार्वती देवी

**बनाम**

**प्रतिवादीगण**- श्रीमती तुलसी महर आदि।

**सम्मन बनाम प्रतिवादीगण**- 1.श्रीमती तुलसी महर पत्नी स्व. सुरेन्द्र सिंह 2. कैलाश महर पुत्र स्व. सुरेन्द्र सिंह 3. श्रीमती शारदा पत्नी कैलाश महर 4. राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. भवान सिंह 5. श्रीमती गीता महर पत्नी राजेन्द्र सिंह महर 6. सुजान सिंह पुत्र स्व. भवान सिंह 7. बसन्ती महर पत्नी सुजान सिंह 8. कुंवर सिंह पुत्र भवान सिंह 9. पूनम महर पत्नी कुंवर सिंह महर 10. दिनेश चन्द्र सती पुत्र हीराबल्लभ सती 11. सुश्री नन्दी चौधरी पुत्री प्रयाग दत्त चौधरी 12. सुश्री कमला चौधरी पुत्री प्रयाग दत्त चौधरी 13. मोहन लाल वर्मा पुत्र पारसी लाल वर्मा 14. प्रमोद कुमार वर्मा पुत्र किशन लाल वर्मा 15. गोविन्द सिंह कार्की पुत्र दीवान सिंह कार्की 16. भगवती प्रसाद पाठक पुत्र हरगोविन्द पाठक 17. योगिता पन्त पत्नी राजीव पन्त 18. सुरेश चन्द्र जोशी पुत्र देवीदत्त जोशी 19. मुन्नी बिष्ट पत्नी मुकेश सिंह बिष्ट 20. रविन्द्र कुमार जोशी पुत्र हेम चन्द्र जोशी 21. भारत भूषण पुत्र प्रकाश चन्द्र जोशी 22. मीना बिष्ट पत्नी उदयवीर सिंह बिष्ट 23. दीपा पाठक पत्नी पुष्कर चन्द्र पाठक 24. नवनीत कुमार पुत्र हरीश चन्द्र 25. देवकान्त पुत्र चन्द्रकान्त 20. प्रेम कुमार पुत्र गोविन्द सिंह 27. ललिता मह पत्नी कैलाश चन्द्र भट्ट 28. प्रदीप कुमार ककड़ पुत्र वेद प्रकाश ककड़ 29. मुकेश सिंह बिष्ट पुत्र नर सिंह बिष्ट 30. मंजुल कुमार जोशी पुत्र हेम चन्द्र जोशी 31. महेन्द्र कौर पत्नी नानक सिंह 32. कान्ता देवी पत्नी हरि सिंह बिष्ट 33. सिमी जग्गी पत्नी विरेन्द्र सिंह जग्गी 34. पार्वती नयाल पत्नी केदार नाथ सिह नयाल 35. भुपेन्द्र सिंह पुत्र केदार नाथ सिंह 36. कान्ता देवी पत्नी हरि सिंह 37. मनोज आर्या पुत्र गोपाल राम आर्या 38. दिनेश कुमार आर्या पुत्र आनन्द राम आर्या 39. उषा जोशी पत्नी रमेश चन्द्र जोशी 40. हरिता जोशी पत्नी पुरन चन्द्र जोशी समस्त निवासियान ग्राम- मुखानी, तहसील- हल्द्वानी, जिला- नैनीताल।

हरगाह प्रार्थी/वादी द्वारा एक प्रार्थना-पत्र ग्राम- मुखानी (CT). तहसील के फसली वर्ष 1424-1429 के खाता संख्या 1050 के बावत् एक बंटवारा वाद ह.द. 176 ज.वि.एवं भू.व्य.अधि. का प्रस्तुत किया है। जिसमें आपत्ति हेतु दिनांक 02.06.2022 की तिथि नियत है। अत: उक्त नियत तिथि आप प्रात: ठीक 10.00 बजे इस न्यायालय में असालतन/वकालतन उपस्थित होकर अपनपा पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद को एकपक्षीय रूप से सुना एवं निर्णित किया जायेगा।

**आज्ञा से-**
**उपजिलाधिकारी/सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी, हल्द्वानी।**


# असानी चक्रवात से ओलिव रिडले कछुओं के अंडे बहे



**बरहमपुर/केंद्रपाड़ा।** ओडिशा चक्रवात असानी के प्रभाव में आने से बेशक बच गया है, लेकिन उसके कारण समुद्र में ऊंची लहरें उठने और मिट्टी का कटाव होने के कारण गंजाम तट पर रुशिकुल्या नदी के मुख पर ओलिव रिडले कछुओं के हजारों अंडे बह गए हैं। रुशिकुल्या नदी के मुख पर कछुए बड़े पैमाने पर अंडे देते हैं।

मंडलीय वन अधिकारी, बरहमपुर, अमलान नायक ने बृहस्पतिवार को कहा कि दक्षिण ओडिशा के गंजाम जिले में पोडमपेट के समीप चक्रवात असानी के कारण नदी के मुख पर व्यापक पैमाने पर मिट्टी का कटाव अन्य समुद्र तटों के मुकाबले अधिक हुआ। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस कटाव के कारण 28 मार्च से चार अप्रैल तक अंडे देने के लिए अनुकूल पांच किलोमीटर लंबे क्षेत्र में समुद्री कछुओं द्वारा दिए रिकॉर्ड 5.5 लाख अंडों में से करीब 15-20 प्रतिशत नष्ट हो गए होंगे।

बुधवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने वाले नायक ने कहा कि वन विभाग 14 मई को होने वाली समीक्षा बैठक के बाद ही चक्रवात असानी के कारण गंवाए ओलिव रिडले कछुओं के अंडों की संख्या बता पाएगा। उन्होंने कहा कि कई नष्ट अंडों को समुद्र तटों पर पड़े देखा गया, जो पिछले दो दिनों में समुद्र में ऊंची लहरें उठने के कारण बहकर आए।

एक मादा ओलिव रिडले कछुआ अंडे देने के बाद उन्हें समुद्र तट पर मिट्टी के एक गड्ढे में दबा देती है। पिछले साल अज्ञात वजहों के कारण रुशिकुल्या नदी के मुख पर कछुए अंडे नहीं दे सके थे।

गंजाम जिले के कछुआ सरंक्षण समिति के सचिव रवींद्रनाथ साहू ने कहा, इस बार हमें कछुओं के और बच्चे देखने की उम्मीद थी क्योंकि रिकॉर्ड संख्या में मादा कुछओं ने अंडे दिए थे।


### सम्मन

**न्यायालय श्रीमान सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी भावर/ परगनाधिकारी महोदय हल्द्वानी, जिला-नैनीताल।**

रा. वा. सं.27/979 सन्-2021-22

**प्रार्थी/वादी**- महफूज अहमद

**बनाम**

**प्रतिवादीगण**- इरमजान सिददीकी आदि।

**सम्मन बनाम प्रतिवादीगण**- 1. इरमजान सिद्दीकी पत्नी जमाल अहमद 2. सुशीला देवी पत्नी सूरजभान 3. सकावत अली पुत्र अजीज अहमद 4. मो. जाहिद पुत्र मो. यासीन 5. मो. आरिफ पुत्र जीमल अहमद 6. जुलबहार खान पुत्र अशरफ खान 7. रईस खान पुत्र राशिद खान 8. मो. साकिब पुत्र महबूब अली 9. महफूज अहमद पुत्र अहमद 10. राशिद हुसैन पुत्र अब्दुल रशिद 11. मो. उस्मान पुत्र सुल्तान अहमद 12. रेशमा पत्नी मो. सावेज 13. मो. सादिक पुत्र मो. हामिद 14. शाहिल अली पुत्र सब्बीर शाह 15. मुन्ने शाह पुत्र नन्हे शाह 16. जैनब निशा पत्नी मो. यूशूफ 17. सायरा बेगम पत्नी मसरूर आलम अन्सारी 18. मसरूर आलम अन्सारी पुत्र मो. यामीन 19. महमूद वारसी पुत्र अब्दुल हमीद 20. तसवीर अली पुत्र हाजी वहीद 21. शहबाज आलम पुत्र मसरूर आलम अन्सारी 22. मो. मोबिन पुत्र मो. यासीन 23. अहमद मिया पुत्र इब्बन मिया 24. समीउददीन पुत्र कमरूददीन 25. जेबा परवीन पत्नी नजीर अमीर जान 26. फुरकान पुत्र मेहन्दी हसन 27. उबैदुर्रहमान पुत्र खलीलुर्रहमान 28. रूबीना पत्नी उबेर्दुहमान 29. मो. शारिक पुत्र शकील अहमद समस्त निवासियान- ग्राम- गौजाजाली उत्तर, तहसील हल्द्वानी, जिला- नैनीताल।

हरगाह प्रार्थी/वादी द्वारा एक प्रार्थना पत्र ग्राम- गौजाजाली उत्तर OG (भावर छ. खाता), तहसील- हल्द्वानी, जिला- नैनीताल के फसली वर्ष 1424-1429 के खाता संख्या 00362 के बावत् एक बटवारा वाद ह.द. 176 ज.वि.एवं मू.सु.अधि. का प्रस्तुत किया है। जिसमें आपत्ति हेतु दिनांक 02-06-2022 की तिथि नियत है।

अत: उक्त नियत तिथि पर आप प्रात: ठीक 10.00 बजे इस न्यायालय में असालतन/वकालतन उपस्थित होकर अपनपा पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद को एकपक्षीय रूप से सुना एवं निर्णित किया जायेगा।

**आज्ञा से-**
**उपजिलाधिकारी/सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी, हल्द्वानी।**


## लंदन में बड़े भाई नवाज शरीफ से मिले शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने बड़े भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से लंदन में मुलाकात की और उन्हें उन अहम राजनीतिक, आर्थिक और प्रशासनिक मुद्दों से अवगत कराया, जिनका समाना नकदी के संकट से जूझ रहे देश को करना पड़ रहा है।

शहबाज अपनी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बुधवार को एक निजी यात्रा पर लंदन पहुंचे। सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने बुधवार को एक बयान में बताया कि बैठक में पिछले महीने सत्ता में आने के बाद से सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर विस्तार से चर्चा की गई और लोगों को बिजली की समस्या तथा महंगाई से बचाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। पीएमएल-एन का प्रतिनिधिमंडल ऐसे समय लंदन पहुंचा है, जब देश में उसकी गठबंधन सरकार पर राजनीतिक एवं आर्थिक दबाव बढ़ता जा रहा है।

वहीं, अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान के जल्द एक व्यापक विरोध-प्रदर्शन करने की संभावना है, जो देश में जल्द से जल्द चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार, मरियम ने बताया कि बृहस्पतिवार को एक और बैठक की जाएगी, जिसमें देश को संकट से उबारने के लिए कड़े फैसले किए जाने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब, योजना मंत्री अहसान इकबाल, ऊर्जा मंत्री खुर्रम दस्तगीर, वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल और रेल मंत्री ख्वाजा साद रफीक शामिल हैं।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु डाल खण्ड, अल्मोड़ा

Email:mlcdalmora@gmail.com Tel. No. 05962-298979

### ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं. 01/अधि. अभि./2022-2023 दिनांक 12-05-2022

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | मात्रा | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य GST कर अतिरिक्त (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि/ दिवस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डिपोजिट मद के अन्तर्गत लघु डाल खण्ड, अल्मोड़ा के प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन लिफ्ट सिंचाई योजना में जल पोषक प्रणाली हेतु आई.एस.आई. मार्कड प्लेन केसिंग पाइप (बेविल एण्ड) आफ साईज इलैक्ट्रिक रैजिसटेंस वैल्डेड (ERW) एस पर टेबिल नं. 03 आफ आई. एस. 4270/2001 विद स्टील एफ.ई.-410 इन 6 मीटर लैग्थ 200X5.4 एम.एम. साईज की आपूर्ति केन्द्रीय भण्डार गृह दमुवाढूंगा, हल्द्वानी। | 8.54 MT 300.00 Mtr | 17500.00 | 1000+18% GST | 45 Days |
| 2. | डिपोजिट एवं नाबार्ड मद के अन्तर्गत लघु डाल खण्ड, अल्मोड़ा के प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन लिफ्ट सिंचाई योजना में जल पोषक प्रणाली हेतु आई.एस.आई. मार्कड प्लेन केसिंग पाइप (बेविल एण्ड) आफ साईज इलैक्ट्रिक रैजिसटेंस वैल्डेड (ERW) एस पर टेबिल नं. 03 आफ आई. एस. 4270/2001 विद स्टील एफ.ई.-410 इन 6 मीटर लैग्थ 150X5.4 एम.एम. साईज की आपूर्ति केन्द्रीय भण्डार गृह दमुवाढूंगा, हल्द्वानी। | 8.46 MT 390.00 Mtr | 17500.00 | 1000+18% GST | 45 Days |
| 3. | नाबार्ड मद के अन्तर्गत लघु डाल खण्ड, अल्मोड़ा के प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन लिफ्ट सिंचाई योजना में जल पोषण प्रणाली हेतु आई.एस.आई. मार्कड प्लेन केसिंग पाइप (बेविल एण्ड) आफ साईज इलैक्ट्रिक रैजिसटेंस वैल्डेड (ERW) एस पर टेबिल नं. 03 आफ आई.एस. 4270/2001 विद स्टील एफ.ई.-410 इन 6 मीटर लैग्थ 100X5.0 एम.एम. साईज की आपूर्ति केन्द्रीय भण्डार गृह दमुवाढूंगा, हल्द्वानी। | 60.66 MT 4500.00 Mtr | 124000.00 | 4000+18% GST | 45 Days |

**-: ई- निविदा से सम्बन्धित सारिणी:-**

1. निविदा प्रपत्र की वेबसाईट पर उपलब्धता की तिथि व समय — दिनांक 17-05-2022, सायं 5.00 बजे के बाद
2. वेबसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि व समय — दिनांक 17-05-2022, सायं 6.00 बजे के बाद
3. वेबसाईट में निविदा जमा करने की प्रारंभिक तिथि व समय — दिनांक 17-05-2022, सायं 6.30 बजे के बाद
4. वेबसाईट में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय — दिनांक 31-05-2022, पूर्वान्ह 11.00 बजे तक
5. कार्यालय में निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि व समय — दिनांक 31-05-2022, पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
6. वेबसाईड पर तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि व समय — दिनांक 31-05-2022, अपरान्ह 12.00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का नाम व पता — अधिशासी अभियन्ता, लघु डाल खण्ड, अल्मोड़ा
8. निविदा से सम्बंधित सूचना यदि कोई हो, जैसे शुद्धि पत्र/परिशिष्ट/ निरस्तीकरण, वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।
9. निविदा से सम्बंधित सभी सूचनाएं वेबसाईट http:www.uktenders.gov.in पर उपलब्ध होगी।

**रीतिका पाल, अधिशासी अभियन्ता**
**लघु डाल खण्ड, अल्मोड़ा**



## कार्यालय निदेशक डीएसबी परिसर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल

पत्रांक: 49 नि./2022-2023 दिनांक 11-05-2022

### कोटेशन सूचना

डी.एस.बी. परिसर में सत्रहवें दीक्षान्त समारोह का आयोजन दिनांक 27 मई 2022 को होना सुनिश्चित हुआ है, जिस हेतु निम्नांकित सामग्रियों हेतु कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं। कोटेशन प्राप्त करने की तिथि पेपर में विज्ञप्ति प्रकाशित होने के 05 दिन तक कोटेशन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में स्पीड पोस्ट से दिये जा सकते हैं, कोटेशन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि को राजकीय अवकाश होने पर कोटेशन प्राप्त करने की तिथि अगले कार्यदिवस तक ही मान्य होगी। उसके उपरान्त कोई भी कोटेशन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। कोटेशन की अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kunainital.ac.in तथा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

1. जलपान, 2. साज सज्जा एवं पण्डाल, 3. निमंत्रण पत्र छपाई, 4. विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी, 5. माइक व जेनरेटर, 6. बैनर/ फ्लैक्सी/बुकें/बैजेज, 7. गाउन

**निदेशक**
**डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल**


## राशिफल

**मेष :** दौड़-धूप रह सकती है। धन खर्च भी होगा। सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। परिजनों से शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृषभ :** नए कार्यों का प्रारंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन शुभ है। आय वृद्धि या पदोन्नति का योग है।

**मिथुन :** प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ सकता है। स्फूर्ति का अभाव रहेगा। निर्धारित काम पूरे होने में विलंब हो सकता है।

**कर्क :** क्रोध पर नियंत्रण रखें। संयम रखना आवश्यक है। खान-पान का ध्यान रखें। स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

**सिंह :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संबंध खराब न हों, इसका ध्यान रखें। वाणी और व्यवहार को संतुलित रखने की जरूरत है।

**कन्या :** अनुकूलता का अनुभव होगा। घर में सुख-शांति रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा। सुखप्रद घटनाएं घटेंगी।

**तुला :** कल्पना और सृजनशक्ति से संतोष अनुभव करेंगे। वाद-विवाद या चर्चा में न पड़ें। स्वास्थ्य के मामले में समस्याएं हो सकती हैं।

**वृश्चिक :** मानसिक और शारीरिक थकान हो सकती है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। सौदे करने से बचें।

**धनु :** मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई-बहनों के साथ मेल-जोल रहेगा। नए काम की शुरुआत कर सकते हैं।

**मकर :** विचारकर बोलें। कुटुंबीजनों के साथ गलतफहमी पैदा हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पूंजी निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ :** स्वस्थता और ताजगी बनी रहेगी। दिन लाभदायी रहेगा। सगे-संबंधियों तथा मित्रों के साथ भोजन का आनंद लेंगे।

**मीन :** एकाग्रता का अनुभव होगा। कामों को सही तरीके से करने की प्लानिंग कर सकते हैं। धार्मिक कार्यों में खर्च होगा।


**संस्थापक: स्व.जी.एस.भण्डारी**
जी.एस.भण्डारी एण्ड को. के लिए प्रकाशक मुद्रक डा.उषा किरन भण्डारी द्वारा उत्तर उजाला प्रेस, उजाला नगर बरेली रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) से मुद्रित व भण्डारी भवन, मल्लीताल, नैनीताल (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।
**मुख्य सम्पादक :** डा. उषा किरन भण्डारी
फोन : हल्द्वानी 05946-252975, पंजी.सं. आर.एन.32942/77
E-mail : uttarujala7@gmail.com website: www.uttarujala.com